प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 30.12.2024

मुख्य समाचारः—

- राज्य मंत्रिपरिषद ने राईस मिलरों को लंबित प्रोत्साहन राशि की दूसरी किश्त प्रदान करने का निर्णय लिया।
- केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया दंतेवाड़ा जिले का दौरा।
- बिलासपुर—कटनी रेलमार्ग पर रेलवे ट्रैक पर बोल्डर रखने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया।
- राजधानी रायपुर में चल रही चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का कल होगा समापन।

मंत्रिपरिषद बैठक—निर्णय

राज्य सरकार ने राईस मिलरों को लंबित प्रोत्साहन राशि की दूसरी किश्त प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह फैसला आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। बैठक के बाद निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि

मंत्रिपरिषद ने बीते दो खरीफ विपणन वर्ष में धान और चावल परिवहन की दर के लिए राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुसंशा की गई दर को स्वीकृत किए जाने का भी अनुमोदन किया।

डॉक्टर मोहन भागवत—पर्यावरण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। कल रायपुर में उन्होंने पर्यावरण संवर्धन से जुड़े कार्यों पर कार्यकर्ताओं और अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन—जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में धार्मिक आयोजनों को पॉलिथीन मुक्त करने की योजना है। डॉक्टर भागवत ने बताया कि पर्यावरण प्रहरी कार्यक्रम के जरिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ने के लिए संकल्प पोर्टल में पंजीयन कराया जा सकता है।

पर्यावरण गतिविधि के तहत महाकुंभ प्रयागराज में हरित कुंभ की दृष्टि से एक थैला—एक थाली अभियान चलाया गया, जिसमें प्रदेश से छियासठ हजार से ज्यादा थैले और थालियां समाज के सहयोग से संघ को प्राप्त हुए हैं।

केन्द्रीय राज्यमंत्री—दंतेवाड़ा

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल इन दिनों बस्तर संभाग के प्रवास पर है। उन्होंने अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बाल मित्र पुस्तकालय, जैविक कृषि, नव गुरुकुल और एसएचसी सेंटर घोटपाल का अवलोकन किया। सबसे पहले, केन्द्रीय राज्यमंत्री दंतेवाड़ा के चिंतालंका ग्राम स्थित बालमित्र पुस्तकालय पहुंची। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बच्चों के साथ रुबरु होकर उनकी विभिन्न गतिविधियों को देख कर उन्हें प्रोत्साहित किया।
इसके बाद केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कारली ग्राम में जैविक कृषि कर रहे प्रगतिशील किसान देवचंद यादव द्वारा की जा रहे जैविक खेती को देखा। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले का जैविक कृषि की ओर बढ़ना एक प्रेरणादायक पहल है। इसके अलावा केन्द्रीय राज्य मंत्री ने जावंगा स्थित नवगुरुकुल केंद्र का भी अवलोकन किया।

उन्होंने गीदम स्थित पचास बिस्तर वाले मातृ शिशु स्वास्थ्य सेंटर का भी अवलोकन किया और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा जरूरी दिशा—निर्देश दिए। साथ ही गीदम ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम घोटपाल स्थित आयुष्मान

आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री ने यहां उपस्थित मितानिनों, चिकित्सकों के साथ–साथ मरीजो के साथ भी चर्चा की।

<u>रेलवे समय सारिणी–परिवर्तन</u>

भारतीय रेलवे की समय सारणी में एक जनवरी दो हजार पच्चीस से आंशिक बदलाव किया गया हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी लागू होने वाली नई रेलवे समय–सारणी में अप और डाउन की एक सौ इकतीस स्टेशनों में गाड़ियों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। अन्य स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी। इसमें पैंतालीस पैसेंजर, इक्यासी मेमू और बीस डेमू सहित एक सौ छियालीस गाड़ियों को एक जनवरी से नियमित नंबर से चलाया जाएगा। वहीं, फिरोजपुर–सिवनी–फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस को एक मार्च से सुपरफास्ट बनाया जा रहा है और इस ट्रेन का नंबर और समय सारणी में बदलाव किया जा रहा है।

<u>ट्रेन–आरोपी गिरफ्तार</u>

बिलासपुर–कटनी रेल मार्ग पर भंनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास रेल लाईन पर बोल्डर रखने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल–आरपीएफ ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पेंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कोलबिरा के निवासी पवन सिंह के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक ने हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन को डिरेल करने की साजिश की थी। घने जंगलों के बीच स्थित भंनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास टनल के भीतर पटरियों पर आरोपी युवक ने बोल्डर रख दिया था। हालांकि, लोको पायलट की सतर्कता और त्वरित निर्णय से एक बड़ी घटना होने से रोक ली गई और हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे सैकड़ों यात्री सुरक्षित रहे। यह घटना रविवार मध्य रात्रि की है। इस घटना के कारण इस ट्रैक से गुजरने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस, रीवा एक्सप्रेस और अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में करीब एक से दो घंटे का विलंब हुआ।

<u>मन की बात–कोंडागांव</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक आयोजन की सराहना करते हुए कोंडागांव के तीरंदाज रंजू सोरी का भी जिक्र किया था।
आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए रंजू सोरी ने बताया कि बस्तर ओलंपिक दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का अवसर दे रहा है।

<u>नारायणपुर बच्चे–मुंबई भ्रमण</u>

नेहरू युवा केन्द्र संगठन और केन्द्र सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी बच्चों को देश के बड़े शहरों का भ्रमण कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के विकास और विविधता से बच्चों को परिचित कराना है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले से तीस बच्चे मुंबई का दौरा कर वापस लौटे हैं। इस संबंध में और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे नारायणपुर संवाददाता–

<u>विरोध–प्रदर्शन</u>

आरक्षण समेत विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ओबीसी महासंघ द्वारा आज बस्तर संभाग में चक्काजाम और बंद का आवाहन किया गया था। इसका विभिन्न जिलों में मिलाजुला असर देखने को मिला।
कांकेर जिले के माकड़ी में चक्काजाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–छह पर करीब छह घंटे यातायात प्रभावित रहा। वहीं, कोण्डागांव के नारायणपुर तिराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग–तीस पर ओबीसी समाज के लोग एकत्र हुए। भीड़ के बढ़ते ही चक्काजाम की स्थिति बन गई। लेकिन यातायात पुलिस द्वारा अधिकांश वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया, जिससे यातायात बाधित नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों के समर्थन में पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक मोहन मरकाम भी मौके पर पहुंचे।

<u>वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता</u>

राजधानी रायपुर में चल रही चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का कल समापन होगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज कई मैच खेले गए। तीरंदाजी का फाइनल मुकाबला आज खेला गया। जबकि फुटबाल का फाइनल मुकाबला कल इकतीस दिसंबर को खेला जाएगा। कल ही रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में पुरस्कार समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आज तीरंदाज़ी में बालक–बालिका समूह में तीस मीटर जूनियर और बीस मीटर सब जूनियर स्पर्धाएं हुईं, जिसमें दो सौ से अधिक जनजातीय खिलाड़ी शामिल हुए। वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के करीब आठ सौ खिलाडी भाग ले रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित कोंडागांव की हेमबती नाग ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने हेमबती को शाबाशी देते हुए भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।
- दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर में लाठी डंडे से पीटकर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।
- बिलासपुर जिले में नियुक्ति के दौरान फर्जी परित्यक्ता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के मामले में जरगाडीह की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बर्खास्त कर दिया है।
- दुर्ग जिले के फुण्डा गांव में गौ तस्करी करने वाले दस हजार रुपए के इनामी पशु तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
- बिलासपुर में रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से लाखों रूपए की ठगी करने वाले आरोपी दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
- बहुजन समाज पार्टी के सक्ती जिला प्रभारी मनहरण मनहर ने पार्टी से इस्तीफ़ा दे दिया है।